Losses incurred by Ashok Yatri Niwas

*359. SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the ITDC Hotel Ashok Yatri Niwas in New Delhi is incurring heavy losses;

(b) whether it is a fact that the customers do not get proper treatment in this Hotel;

(c) if so, whether the Hotel is not properly maintained;

(d) what steps are being taken to improve *the* working of this Hotel; and

(e) whether there is any proposal to allow private parties in the management of the hotel?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAV RAO SCINDIA) : (a) No, Sir. Except for the first two years of its operation, the Ashok Yatri Niwas has consistently been making profits.

The Ashok Yatri Niwas is a moderately priced economy class hotel with limited facilities and endeavours to provide satisfactory services to its guests. The maintenance of the hotel is a continuous process.

The steps taken/being taken for the improvement of the hotel *'inter-alia'* include modernisation of lifts, additionof two high speed lifts, renovation and airconditioning of the lobby area, restaurant , bar and public toilets, computerisation of front office operations, installation of new electronic telephone exchange, addition of Bar-be-que services etc.

(e) No, Sir.

कुल्लू उपमार्ग का निर्माण

*360. श्री सुरेश बरैया : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग–21 पर कुल्लू उपमार्ग के निर्माण के लिए कोई अन्तिम निर्णय ले लिया है ;

(ख) यदि हां, तो कार्य आरम्भ किए जाने के लिए क्या तारीख निर्धारित की गई है; और

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर "ना" हो, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) से (ग) जी, हां। राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 21 पर कुल्लू बाईपास के निर्माण की संस्वीकृति की कायवाही बाईपास के लिये अपेक्षित कुल भूमि का राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहण कर लिये जाने के बाद निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन शुरू की जाएगी। इस प्रकार कार्य के शुरू होने की तारीख अभी नहीं बताई जा सकती।

मध्य प्रदेश में सांची का विकास

2465. श्री राघव जी : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मध्य प्रदेश में सांची, जो अन्तर्राष्ट्रीय महत्व का स्थान है, के विकास तथा उसे सुन्दर बनाने के लिए कोई विशेष अनुदान देने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) और (ख) पर्यटन के लिए किसी स्थान का विकास और सौन्दर्यकरण मुख्यतः राज्य सरकार की जिम्मेवारी है। तथापि, केन्द्रीय पयटन विभाग विशिष्ट परियोजनाओं के लिए धन की उपलब्धता, उनके गुण-दोष और आपसी प्राथमिकताओं को ध्यान में रख कर वित्तीय सहायता प्रदान करता है। केन्द्रीय पर्यटन विभाग ने

सातवीं योजनावधि में सांची में कैफेटेरिया के निर्माण, शौचालय और पेय जल की सुविधाओं के लिए परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी है।

मध्य प्रदेश में जल-क्रीड़ाओं का विकसित किया जाना

2466. श्री राघवजी : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मध्य प्रदेश में पर्याप्त संख्या में बड़े तालाब और बारहमासी नदियां हैं; और

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने मध्य प्रदेश में जल-क्रीड़ा आदि खेलों को विकसित करने के लिए कोई योजना तयार की है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) जी, हां।

(ख) केन्द्र सरकार ने जल क्रीड़ा उपकरण खरीदने के लिए मध्य प्रदेश सरकार को 23.70 लाख रु. की वित्तीय सहायता दी है।

Women pilots in Air India and Indian Airlines

2467. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Ministerol . VIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is feci that Indian Airlinesand Air India havestarted recruiinting women pilot the organisations;

(b) if so, how many women Pilots have been recruited by these Airline so far;and

(c) what other measures have been taken b Government to attract more women pilots in these Airlines?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM(SHRI MADHAV RAO SCINDIA): (a) Yes. Sir.

(b) While Air India has one Trainee Women Pilot, Indian Airlines has 13 Women Pilots and 5 Trainee Women Pilots.

(c) The profession is open to men and women alike. There has been a marked increase in the number of women pilot/ trainee pilots in the last five years.

Setting up of casinos at Goa

2468. SHRI JOHN F. FERNANDES Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state.

(a) whether there are requests from: State Governments particular from the Goa Government to open 'Casinos' to promote tourism by N. R. I. Foreign Nationals, so as to earn foreign exchan ge with foreign collaboraions with N. R. I.

(b) if so, what is Government response thereto; and

(c) whether the Central Government frames policy and guidelines in his regard or the matter is left to the State Government.

THE MINISTER OF CIVIL AVIA TION AND TOURISM SHRI MADHAV-RAO SCINDIA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) This is a state subject.

भोपाल के लिए वायुदूत सेवा

2469. श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री 25 नवंबर, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 294 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वायुदूत के भोपाल बेस को पुनः आरंभ किया जाएगा तथा उन नगरों के मामले में, जहां यह सुविधा पहले से उपलब्ध थी, यथास्थिति बनाए रखी जाएगी;